# INDIRA GANDHI RASHTRIYA URAN AKADEMI

(An Autonomous Body under the Ministry of Civil Aviation, Govt. of India)
Fursatganj Airfield, Amethi – 229302 (UP)
Website: www.igrua.gov.in

## ADVERTISEMENT NOTICE

**Recruitment for the Post of "Ground Instructor (Air Regulations)"**
**"ग्राउंड इंस्ट्रक्टर (एयर रेगुलेशंस)" पद हेतु भर्ती**

**Advertisement No. – IGRUA/ADVT/30/2026**

Indira Gandhi Rashtriya Uran Akademi (IGRUA), India's premier flying training institute under the Ministry of Civil Aviation, invites applications from eligible and motivated candidates for the position of **Ground Instructor (Air Regulations)**.

Located at the Fursatganj Airfield in the serene and beautiful town of Amethi, IGRUA offers a peaceful work environment with lush green surroundings, disciplined campus life, and the satisfaction of contributing to India's leading aviation training ecosystem.

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय उड़ान अकादमी (IGRUA), जो नागरिक उड्डयन मंत्रालय के अंतर्गत भारत की प्रमुख उड़ान प्रशिक्षण संस्थान है, **ग्राउंड इंस्ट्रक्टर (एयर रेगुलेशंस)** के पद के लिए योग्य एवं प्रेरित उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित करता है।

फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी के शांत और मनोहर वातावरण में स्थित IGRUA एक सुखद कार्यस्थल प्रदान करता है, जहाँ हरे-भरे प्राकृतिक परिवेश, अनुशासित कैंपस जीवन और भारत की अग्रणी विमानन प्रशिक्षण व्यवस्था में योगदान देने का संतोष प्राप्त होता है।

- **Name of the Post**: Ground Instructor (Air Regulations)
  **पद का नाम:** ग्राउंड इंस्ट्रक्टर (एयर रेगुलेशंस)

- **Mode of Appointment**: Contractual (11 Months, extendible)
  **नियुक्ति का प्रकार:** संविदा (11 माह, आवश्यकता अनुसार बढ़ाया जा सकता है)

- **Number of Post:** 1 (one)
  **पदों की संख्या:** 1 (एक)

- **Age Limit**: Max 65 Years (As on 01.06.2026)
  **आयु सीमा:** अधिकतम 65 वर्ष (01.06.2026 तक)

- **Remuneration**: ₹70,000/month +Transport Allowance ₹1800/month +Aviation Allowance ₹300/month.
  **मानदेय:** ₹70,000 प्रति माह + परिवहन भत्ता ₹1,800 प्रति माह + विमानन भत्ता ₹300 प्रति माह।

- **Last date for receipt of applications:** 02/10/2026
  **आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि:** 02/10/2026

- **Location**: IGRUA Campus, Fursatganj Airfield, Amethi (UP)
  **कार्यस्थल:** IGRUA कैंपस, फुरसतगंज एयरफील्ड, अमेठी (उ.प्र.)

**Essential Educational Qualifications and Experience:**
**आवश्यक शैक्षणिक योग्यताएँ एवं अनुभव:**

- Bachelor's Degree in Aviation / B.Sc. (Aviation) from a recognized University/Institution;
  किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से एविएशन में स्नातक डिग्री / बी.एससी. (एविएशन);

**AND/और**

- Current/valid Commercial Pilot Licence (CPL) issued/recognized by DGCA
  DGCA द्वारा जारी/मान्य वर्तमान/वैध कमर्शियल पायलट लाइसेंस (CPL) ।

**AND/और**

- Minimum 02 years of relevant professional experience in the aviation sector, preferably in Flying Training Organisations (FTOs) or allied aviation functions. Relevant experience may include Ground Training/teaching, Flight Dispatch, Flight Data Recording/Analysis, Simulator Instruction, Assistant Flight Instructor/Flight Instructor duties, or other relevant operational/instructional assignments in an FTO, airline or allied aviation organization.
  विमानन क्षेत्र में न्यूनतम 02 वर्ष का प्रासंगिक व्यावसायिक अनुभव, अधिमानतः फ्लाइंग ट्रेनिंग ऑर्गनाइजेशन (FTO) या संबद्ध विमानन कार्यों में। प्रासंगिक अनुभव में ग्राउंड ट्रेनिंग/शिक्षण, फ्लाइट डिस्पैच, फ्लाइट डेटा रिकॉर्डिंग/विश्लेषण, सिम्युलेटर प्रशिक्षण, असिस्टेंट फ्लाइट इंस्ट्रक्टर/फ्लाइट इंस्ट्रक्टर के कार्य अथवा FTO, एयरलाइन या संबद्ध विमानन संगठन में अन्य संबंधित परिचालन/प्रशिक्षण कार्य शामिल हो सकते हैं।

**Desirable:**
**वांछनीयः**

- Teaching/ground training experience in Air Regulations or other CPL/ATPL-related subjects at a DGCA-approved FTO or recognized Ground Training Organisation.
  DGCA अनुमोदित FTO या मान्यता प्राप्त ग्राउंड ट्रेनिंग संगठन में एयर रेगुलेशंस अथवा अन्य CPL/ATPL संबंधित विषयों में शिक्षण/ग्राउंड ट्रेनिंग का अनुभव।
- Recent experience of appearing in/qualifying DGCA examinations and familiarity with the current DGCA examination pattern and methodology.
  DGCA परीक्षाओं में हाल के वर्षों में सम्मिलित होने/उत्तीर्ण करने का अनुभव तथा वर्तमान DGCA परीक्षा पैटर्न एवं कार्यप्रणाली की जानकारी।
- Progress in ATPL examinations may be considered an additional advantage.
  ATPL परीक्षाओं में प्रगति को अतिरिक्त योग्यता के रूप में माना जा सकता है।

**Key Responsibilities (Indicative):**
**मुख्य जिम्मेदारियाँ (संकेतात्मक):**

- Guide and prepare trainee pilots for DGCA examinations with emphasis on the current examination pattern, question methodology and applicable regulatory requirements.
  वर्तमान परीक्षा पैटर्न, प्रश्न-पद्धति एवं लागू नियामक आवश्यकताओं पर विशेष जोर देते हुए प्रशिक्षु पायलटों को DGCA परीक्षाओं हेतु मार्गदर्शन एवं तैयारी कराना।
- Deliver theoretical training on Air Regulations, Rules of the Air, Licensing Requirements, Flight Rules, and ICAO Annexes.
  एयर रेगुलेशंस, रूल्स ऑफ़ द एयर, लाइसेंसिंग आवश्यकताएँ, फ़्लाइट रूल्स तथा ICAO Annexes पर सैद्धांतिक प्रशिक्षण प्रदान करना।

- Prepare lesson plans, training materials, and question banks in accordance with DGCA Civil Aviation Requirements (CARs).
  DGCA की सिविल एविएशन रिक्वायरमेंट्स (CARs) के अनुरूप लेसन प्लान, प्रशिक्षण सामग्री तथा प्रश्न बैंक तैयार करना।
- Conduct internal assessments and assist in DGCA exam preparation.
  आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessments) करना तथा DGCA परीक्षा की तैयारी में सहायता करना।
- Maintain accurate training records, student performance reports, and compliance documentation.
  प्रशिक्षण अभिलेख, छात्र प्रदर्शन रिपोर्ट एवं अनुपालन संबंधित दस्तावेजों का सटीक रखरखाव करना।
- Update course content periodically to incorporate changes in DGCA, ICAO, and other relevant regulatory updates.
  DGCA, ICAO तथा अन्य संबंधित नियामक परिवर्तनों को ध्यान में रखते हुए कोर्स सामग्री का समय-समय पर अद्यतन करना।
- Coordinate with Chief Ground Instructor and Flight Instructors for integrated flight-ground training.
  एकीकृत उड़ान-ग्राउंड प्रशिक्षण के लिए चीफ ग्राउंड इंस्ट्रक्टर और फ़्लाइट इंस्ट्रक्टर्स के साथ समन्वय करना।
- Ensure adherence to IGRUA's standards of training, discipline, and safety.
  प्रशिक्षण, अनुशासन और सुरक्षा से संबंधित IGRUA के मानकों का पालन सुनिश्चित करना।

**Why Join IGRUA?**
**IGRUA क्यों जॉइन करें?**

- Peaceful work life in one of India's most serene aviation campuses
  भारत के सबसे शांत और सुन्दर विमानन परिसरों में से एक में शांतिपूर्ण कार्य वातावरण
- Healthy, safe, and family-friendly environment
  स्वस्थ, सुरक्षित और परिवार-हितैषी माहौल
- Beautiful natural surroundings in Amethi, with low cost of living
  अमेठी के प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर परिवेश, साथ ही कम जीवन-यापन लागत
- Quarters/Accommodation will be provided subject to availability.
  क्वार्टर/आवास उपलब्धता के अधीन प्रदान किया जाएगा।
- Opportunity to work with India's leading pilot training institute
  भारत की अग्रणी पायलट प्रशिक्षण संस्था के साथ कार्य करने का अवसर

**How to Apply**
**आवेदन कैसे करें**

1. Candidates who have the required qualifications and experience may submit their applications only through email on **career[at]igrua[dot]gov[dot]in**, they must attach their CV and self-attested copies of certificates in the correct order — first the CV then educational certificates from 10th onward, and then experience certificates (if applicable) from earliest to latest. All documents should be combined into one single PDF file before sending.
   जिन उम्मीदवारों के पास आवश्यक योग्यता एवं अनुभव है, वे अपना आवेदन केवल ई-मेल के माध्यम से **career[at]igrua[dot]gov[dot]in** पर भेज सकते हैं। उन्हें अपने आवेदन के साथ अपना CV तथा प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियाँ निम्न क्रम में संलग्न करनी होंगी — सबसे पहले CV, उसके बाद शैक्षणिक प्रमाणपत्र (10वीं से आगे), एवं अंत में अनुभव प्रमाणपत्र (यदि लागू हो तो) सबसे पुराने से नवीनतम तक। सभी दस्तावेज़ों को एक ही PDF फ़ाइल में संयोजित कर भेजा जाए।

2. **While applying by email, candidates must clearly mention the title of the advertised post in the subject line "APPLICATION - GROUND INSTRUCTOR (AIR REGULATIONS) IGRUA/ADVT/30/2026".**
**ईमेल द्वारा आवेदन करते समय उम्मीदवारों को ईमेल के सब्जेक्ट लाइन में विज्ञापित पद का शीर्षक स्पष्ट रूप से लिखना अनिवार्य है: "APPLICATION - GROUND INSTRUCTOR (AIR REGULATIONS) IGRUA/ADVT/30/2026"**

**General Instructions**
**सामान्य निर्देश**

- **Applications not accompanied by self-attested copies of the requisite qualification and experience certificates shall be treated as incomplete and will not be considered.**
**आवश्यक शैक्षणिक योग्यता एवं अनुभव प्रमाणपत्रों की स्व-प्रमाणित प्रतियों के बिना प्राप्त आवेदन अपूर्ण माने जाएंगे एवं उन पर विचार नहीं किया जाएगा।**
- Only Indian Nationals are eligible to apply.
केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करने के पात्र हैं।
- Online interviews will be conducted, as required, and links will be shared on the email ID provided by the candidate a day before.
आवश्यकता अनुसार ऑनलाइन साक्षात्कार आयोजित किए जाएंगे,और लिंक उम्मीदवार द्वारा प्रदान किए गए ईमेल-आईडी पर एक दिन पूर्व साझा किया जाएगा।
- Mere submission of an application shall not confer any right to be called for the selection process or for appointment.
केवल आवेदन भेजने मात्र से चयन प्रक्रिया या नियुक्ति के लिए बुलाए जाने का कोई अधिकार नहीं मिलता।
- Only shortlisted candidates will be called for written test/interview.
केवल शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा।
- IGRUA reserves the right to cancel/restrict/modify/alter the recruitment process without assigning any reason.
IGRUA बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया को रद्द/सीमित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
- The appointment will be purely contractual and does not confer any right for regular appointment or absorption.
यह नियुक्ति पूर्णतः संविदात्मक है और नियमित नियुक्ति या स्थायीकरण का कोई अधिकार नहीं देती।
- Canvassing in any form will lead to disqualification.
किसी भी प्रकार की अनुशंसा करने पर उम्मीदवार को अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।
- Appointment will be subject to verification of documents and medical fitness.
नियुक्ति दस्तावेजों के सत्यापन और चिकित्सीय फिटनेस के अधीन होगी।
- Courts in Lucknow only will have jurisdiction for any disputes.
किसी भी विवाद की स्थिति में केवल लखनऊ की अदालतों का ही क्षेत्राधिकार होगा।